तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज लालसिंह चौहान बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 59 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.06..20	दिनांक 23.03.2020 से दिनांक 31.05.20 तक लोकडाउन घोषित होने से पत्रावली आज पेशी पर ली गई। संक्षित में अपील इस प्रकार है कि अपीलार्थी लालसिंह चौहान पता 19, दाधिच नगर, शिवमंदिर के पीछे, महामंदिर की तीसरी पोल के बाहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28.01..20 में उसके द्वारा (1) वर्तमान में झालामण्ड क्षेत्र में ज्युडिशियल एकेडमी मेघवाल जाति छात्रावास के पास रिक्त राजकीय भूमि के नक्शे, खसरा नम्बर व क्षेत्रफल इत्यादि दस्तावेजों की सत्यापित छाया प्रतियां, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार जोधपुर) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	